हरिभूमि

नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 2 सितंबर 2026

नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

04 समस्याः बारिश से सड़कों की हालत खस्ताहाल...



07 समस्याओं के निराकरण के लिए 11 दिन से धरने पर...



खबर संक्षेप

जिला स्वास्थ समिति की बैठक आयोजित

नर्मदापुरम। जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने जिले में संचालित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं एवं अभियानों की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने सिकल सेल एनीमिया के ट्रीटमेंट एवं मैनेजमेंट की विस्तृत समीक्षा करते हुए कहा कि सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन शासन के सर्वोच्च प्राथमिकता वाले एजेंडा में सम्मिलित है। ऐसे महत्वपूर्ण अभियान में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

भाजपा किसान मोर्चा की बैठक संपन्न

नर्मदापुरम। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा द्वारा आगामी 2 सितंबर को भगवान श्री बलराम जयंती मंडल स्तर पर मनाई जाएगी। बलराम जयंती के कार्यक्रमों को भव्य एवं सफल बनाने तथा अधिक से अधिक किसान बंधुओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष ठाकुर सुरेश पटेल ने नर्मदापुरम एवं सिवनी मालवा विधानसभा क्षेत्रों में मंडल पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर कार्यक्रम की तैयारियों पर चर्चा की।

95 आवेदकों की समस्याओं का किया समाधान

कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनीं नागरिकों की समस्याएं, निराकरण के दिए निर्देश

नागरिकों की समस्या का समाधान करने मंगलवार को जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें 95 आवेदनों का निराकरण हुआ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रातः 11 बजे से आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं ध्यान पूर्वक सुनीं। जनसुनवाई के दौरान राजस्व, भूमि विवाद, पेंशन, कृषि सहित अन्य विभागों से जुड़ी शिकायतें प्राप्त हुई। कलेक्टर श्री मिश्रा ने 95 आवेदनकर्ताओं की समस्याओं को सुनते हुए उनका निराकरण किया।



दिव्यांग आवेदक की समस्याओं को सुनने स्वयं आवेदक के पास पहुंचे कलेक्टर

कलेक्टर श्री मिश्रा दिव्यांग आवेदिका श्रीमती शांति बाई की समस्या सुनने के लिए स्वयं आबिद के समक्ष पहुंचे और उन्होंने आवेदिका से उनकी समस्या के बारे में जानकारी ली। आवेदी का द्वारा बताया गया कि उनकी राजस्व संबंधी दस्तावेजों में नाम दुरुस्ती की कार्यवाही शेष है। उक्त संबंध में कलेक्टर ने तहसीलदार को निर्देश दिए की मामले की जांच करें तथा आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें।

किसान सम्मान निधि दिलाने आया आवेदन

नर्मदापुरम निवासी लक्ष्मी ने तकनीकी समस्या के कारण प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ प्राप्त नहीं होने की समस्या बताई। कलेक्टर ने नर्मदापुरम तहसीलदार नगर को निर्देशित किया कि संबंधित तकनीकी समस्या का निराकरण कर पात्र हितग्राही को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। ग्राम बाबई खुर्द, तहसील इटारसी के ग्रामीणों ने क्षेत्र में विद्युत सप्लाई बाधित होने की समस्या से अवगत कराया। कलेक्टर ने विद्युत विभाग के उपस्थित अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंचकर स्थिति की जांच करने तथा विद्युत आपूर्ति सुचारू कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्युत एवं पेयजल आपूर्ति जैसी आवश्यक सेवाओं से संबंधित शिकायतों में विभागीय अधिकारी गंभीरता से कार्यवाही करते हुए तत्काल समस्या का समाधान सुनिश्चित करें।

कलेक्टर ने पेयजल समस्या का त्वरित निराकरण कराने के दिए निर्देश

जनसुनवाई में हर्ष नगर, नर्मदापुरम के रहवासियों ने पेयजल सप्लाई में समस्या तथा नलों में कम प्रेशर से पानी आने की शिकायत कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत की। इस पर कलेक्टर ने नगर पालिका सीएमओ नर्मदापुरम को निर्देशित किया कि वार्ड में टीम भेजकर पेयजल लाइन की जांच कराई जाए तथा आवश्यक कार्रवाई करते हुए पेयजल आपूर्ति निरंतर एवं सुचारू रूप से सुनिश्चित की जाए। इसी दौरान वार्डवासियों ने सड़क मरम्मत की समस्या भी बताई।

तकरार के बाद आवेश में आकर कर रहे थे खुदकुशी, बचाया

पुलिस की पहल से हादसा टला

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर के समीपस्थ नर्मदा के खर्रा घाट ब्रिज पर मंगलवार दोपहर एक प्रेमी जोड़े के बीच आपसी विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों आवेश में आकर नर्मदा नदी में छलांग लगाने की स्थिति में पहुंच गए। हालांकि, मौके से गुजर रहे एक सतर्क पुलिसकर्मी की तत्परता से समय रहते एक बड़ी अनहोनी टल गई।

विवाद से हालात बिगड़ गए । नर्मदा ब्रिज पर मौजूद युवक-युवती के बीच प्यार-तकरार के बाद बहस इतनी उग्र हो गई कि दोनों एक-दूसरे को जान देने की बात कहने लगे और पुल की रैलिंग के पास खतरनाक स्थिति में जा पहुंचे। इसी दौरान बुधनी स्थित मधुबन हॉस्पिटल से लौट रहे हेड कांस्टेबल अश्विनी वर्मा की नजर पुल



पर चल रहे ड्रामे और दोनों की खतरनाक स्थिति पर पड़ी। त्वरित समझाइश और कार्रवाई खतरे को भांपते हुए हेड कांस्टेबल ने तुरंत अपनी गाड़ी रोकी। उन्होंने बिना समय गंवाए दोनों को कड़ी डांट लगाई, समझाइश दी और सुरक्षित रूप से पुल से रवाना कर दिया। हेड कांस्टेबल अश्विनी वर्मा की तत्परता और सूझबूझ के चलते दोनों की जान बच सकी।

सुहागनें संतान की दीर्घायु की करेंगी कामना

नर्मदापुरम। शहर में भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि को लोक आस्था का पावन पर्व हल छठ आज मनाया जाएगा। अपार श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ सुहागनें व्रत रखेंगी । भगवान श्री कृष्ण के ज्येष्ठ भ्राता और शेषनाग के अवतार भगवान बलराम के जन्मोत्सव के रूप में मनाए जाने वाले इस पर्व पर माताएं अपनी संतान की लंबी उम्र, उत्तम स्वास्थ्य और सुख-समृद्धि के लिए निर्जला व निराहार रहकर कठिन व्रत रखती हैं। शहर में हल छठ को लेकर महिलाएं पूजन पाठ की तैयारी में जुटी है। बाजारों में पूजा सामग्री खरीदने के लिए भारी भीड़ उमड़ी। सुहागिनें इस दिन हल से निकाला हुआ अनाज पूरी तरह वर्जित रहता है, इसलिए पसही के चावल, महुआ, 6-7 प्रकार की भाजियां, कांशी के फूल और भैंस का दूध-दही-घी मुख्य रूप से पूजा में अर्पित करेंगी।

खाद्य सुरक्षा विभाग ने डेयरियों पर चलाया जांच अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देश पर जिले में मिलावट के खिलाफ अभियान तेज किया गया है। त्योहारी सीजन को देखते हुए खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने सोमवार को विभिन्न डेयरियों पर विशेष जांच अभियान चलाया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी भोजराज सिंह धाकड़ एवं जितेंद्र सिंह राणा की टीम ने नर्मदापुरम की बृंदाबन डेयरी, गुबरेले डेयरी, कृष्णा डेयरी, साई डेयरी एवं नमामी डेयरी पर मौके पर पहुंचकर दूध के नमूनों की जांच की। टीम ने मौके पर ही एडल्ट्रेशन किट से दूध में माल्टोज डेक्सट्रिन, शुगर, साल्ट, स्टार्च एवं न्यूट्रलाइजर जैसी मिलावट की जांच की। अधिकारियों ने बताया कि मिलावटी खाद्य पदार्थों की जांच के लिए अभियान निरंतर जारी रहेगा।

राहुल गांधी पर प्रकरण दर्ज करने के विरोध में नर्मदापुरम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ मामला दर्ज किए जाने के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा नर्मदापुरम में एक धरना प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कांग्रेसजनों ने महात्मा गांधी जी की प्रतिमा से लेकर इंदिरा गांधी जी की प्रतिमा तक पैदल मार्च निकाला और केंद्र/राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

धरना प्रदर्शन की अध्यक्षता करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत 'गुड्डन' पांडेय ने कहा कि राहुल गांधी लगातार आम जनता, युवाओं, किसानों और लोकतांत्रिक अधिकारों की आवाज उठा रहे हैं। उनकी आवाज को दबाने के लिए इस तरह के प्रकरण दर्ज किए गए हैं, जो लोकतांत्रिक व्यवस्था के खिलाफ हैं। पूर्व



जिला कांग्रेस अध्यक्ष कपिल फौजदार ने भी सभा को संबोधित किया, जबकि कार्यक्रम का संचालन और आभार प्रदर्शन जिला संगठन महासचिव मधुसूदन यादव ने किया। इस विरोध प्रदर्शन में जिला उपाध्यक्ष ओम सेन, नगर कांग्रेस अध्यक्ष कमलेश बाथरे, धर्मेंद्र तिवारी, रामनारायण गौर, फैज़ान उल हक, धर्मेंद्र मालवीय, गुलाम मुस्तफा आदि शामिल रहे।

बानापुरा में रेल ठहराव की मांग को लेकर रेल मंत्री, महाप्रबंधक के नाम ज्ञापन सौपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सिवनी मालवा के बानापुरा रेलवे स्टेशन पर वर्षों से कोई नई रेल का ठहराव नहीं हुआ हैं। जबकि बानापुरा स्टेशन अमृत भारत योजना में सम्मिलित हैं और वर्तमान में यहां निर्माण कार्य प्रगति पर हैं। नई रेल रोकने की मांग को लेकर पत्रकार संघ ने जनता के साथ मिलकर तहसीलदार नितिन कुमार झोड़, बानापुरा रेलवे स्टेशन प्रबंधक सियाराम सिंह को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, महाप्रबंधक



प.म.रे के नाम ज्ञापन सौपकर बानापुरा रेलवे स्टेशन की विभिन्न मूलभूत सुविधाओं और रेल ठहराव की मांग की।

इस दौरान नपाध्यक्ष, पार्षद, अधिवक्ता, व्यापारी, वरिष्ठ नागरिक, पेंशनर संघ, भाकिसं, युवा, आटो चालक, भाजपा, कांग्रेस के जनप्रतिनिधि, नेता जामा मस्जिद सदर सहित सामाजिक संगठनों के सैकड़ों लोग ज्ञापन देने में शामिल हुए।

सशक्त युवा, सुरक्षित बचपन विकसित भारत की मजबूत आधारशिला

शिक्षा, महिला, बाल, युवा एवं खेल संबंधी संसदीय समिति का अहमदाबाद अध्ययन दौरा, सांसद चौधरी ने की सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



शिक्षा, महिला, बाल, युवा एवं खेल संबंधी संसदीय समिति के अध्ययन दौरे के अंतर्गत 01 सितंबर 2026 को अहमदाबाद में आयोजित बैठक में नर्मदापुरम-नरसिंहपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने सहभागिता की।

बैठक में शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, युवा एवं खेल से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा एवं विचार-विमर्श किया गया। समिति द्वारा संबंधित क्षेत्रों में संचालित योजनाओं, व्यवस्थाओं और प्रभावी कार्यप्रणालियों का अध्ययन किया जा रहा है, ताकि इनके बेहतर क्रियान्वयन एवं सुधार के लिए उपयोगी सुझाव दिए जा सकें। सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, बच्चों के समग्र विकास तथा युवा एवं खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन की महत्वपूर्ण भूमिका है। देश की युवा शक्ति को अवसर और उचित मार्गदर्शन उपलब्ध कराकर भारत को आत्मनिर्भर एवं विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में गति प्रदान की जा सकती है।

बच्चों के विकास के लिए की जा रही पहल

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा शिक्षा, कौशल विकास, महिला सशक्तिकरण, खेल प्रतिभाओं के प्रोत्साहन एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अनेक महत्वपूर्ण पहल की जा रही हैं। संसदीय समिति के अध्ययन एवं संवाद के माध्यम से इन क्षेत्रों में और अधिक प्रभावी नीतियों एवं योजनाओं के लिए सुझाव प्राप्त होंगे। चौधरी ने कहा कि सशक्त युवा, सक्षम नारी, सुरक्षित बचपन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही विकसित भारत की मजबूत आधारशिला हैं।

स्थायी समिति की बैठक में शामिल हुईं सांसद

नर्मदापुरम। भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय संबंधी संसदीय स्थायी समिति के तीन दिवसीय 'चेन्नई-अंडमान एवं निकोबार' आधिकारिक अध्ययन दौरे के प्रथम चरण में सोमवार को चेन्नई में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न हुई। इस महत्वपूर्ण बैठक में मध्यप्रदेश से राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने अपने संसदीय समिति के साथी सांसदों के साथ सहभागिता की। अध्ययन दौरे के दौरान समिति के सदस्यों द्वारा देश में तीव्र गति से हो रहे शहरीकरण, नगरीय अधोसंरचना के सुदृढ़ीकरण, सुलभ जन-आवासन एवं नागरिकों के जीवन-स्तर को सुगम बनाने से संबंधित विविध जनकल्याणकारी योजनाओं पर गहन विचार-विमर्श किया गया।

सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई, नपाध्यक्ष ने शॉल, श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र से किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नगर पालिका कार्यालय में लंबे समय तक अपनी सेवाएं देने वालीं सावित्री बाई, पत्नी वेदप्रकाश एवं कमला बाई, पत्नी शिवप्रसाद के सेवानिवृत्त होने पर नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने उन्हें शॉल, श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। सावित्री बाई ने 30 अगस्त 2011 को अपनी सेवा प्रारंभ की थी और 31 अगस्त 2026 को सेवानिवृत्त हुईं। वहीं कमला बाई की नियुक्ति 29 अगस्त 2011 को हुई थी और उन्होंने भी 31 अगस्त 2026 को अपनी सेवा पूर्ण की। दोनों ने लगभग 15 वर्षों तक नगर पालिका में अपनी सेवाएं प्रदान कीं।



सम्मान समारोह के दौरान सावित्री बाई अस्वस्थ होने के कारण ऊपर आने में असमर्थ थीं। उनकी सेवा भावना का सम्मान करते हुए नपा अध्यक्ष पंकज चौरे स्वयं नीचे पहुंचे और उन्हें सम्मानित किया।

इस अवसर पर नपा अध्यक्ष पंकज चौरे ने दोनों सेवानिवृत्त कर्मचारियों को स्वस्थ, सुखद एवं मंगलमय भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने दोनों से समाज की उन्नति एवं जनहित के कार्यों में अपना सहयोग निरंतर प्रदान करने की विनती की। कार्यक्रम में संभागीय संयुक्त संचालक, कार्यपालन यंत्री मीनाक्षी चौधरी,os राजेंद्र शर्मा सहित नपा का अधिकारी एवं कर्मचारी स्टाफ उपस्थित रहा।

नपाध्यक्ष ने किया कार्यालय का निरीक्षण, सफाई के दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा नगरपालिका कार्यालय की समस्त शाखाओं का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय में स्वच्छता बनाए रखने और रिकार्ड दुरूस्त रखने के सख्त निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी उपस्थित थे। अधीक्षक सोनी ने बताया कि नपाध्यक्ष यादव द्वारा निरीक्षण कर स्वच्छता के साथ ही अन्य सामग्री भी व्यवस्थित रूप से रखने के निर्देश दिए। उन्होंने पुराने जीर्णशीर्ण सामग्री का अवलोकन किया तथा उन्हें उचित स्थान पर रखने के निर्देश दिए। जिससे कि नगरपालिका में आने वाले आवेदकों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने स्वच्छता शाखा, जल प्रदाय शाखा, स्थापना शाखा के साथ ही अन्य शाखाओं का निरीक्षण किया।

त्यौहारों पर व्यवस्था बनाने सौंपे गये दायित्व

नर्मदापुरम। सितम्बर माह में आने वाले प्रमुख त्यौहार / स्नान पर्व 04 सितम्बर को कृष्ण जन्माष्टमी, 08 सितम्बर को पर्यूक्षण/दक्षलक्षण पर्व प्रारंभ, 10 सितम्बर को पोला पिठोरा/स्नानदान श्राद्ध अमावस्या, 14 सितम्बर को हरितालिका तीज व्रत/गणेश चतुर्थी/ गणेश स्थापना, 22 सितम्बर को डोल ग्यारस, 25 सितम्बर को गणेश विसर्जन/ अनंत चतुर्दशी, 26 सितम्बर को स्नानदान व्रत पूर्णिमा एवं 27 सितम्बर को पितृ तर्पण प्रारंभ के अवसर पर अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी नर्मदापुरम राजेश कुमार शुक्ला ने कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु कार्यपालिक दण्डाधिकारियों की ड्यूटी लगाई है। जारी आदेशानुसार अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी नर्मदापुरम शुक्ला ने आकिप खान (आईएएस) अनुविभागीय दण्डाधिकारी पिपरिया, नीलेश शर्मा एसडीएम इटारसी आदि को दायित्व सौंपे हैं।

महिला हॉकी टीम में अनन्या, महक और प्रांजल सेपक टकरॉ चैंपियनशिप में चयनित

राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में जिले की बेटियां बिखेर रहीं अपने खेल का जलवा, देश और प्रदेश का कर रहीं प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सेपक टकरॉ खेल में जिले ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया है। जिले के प्रतिभाशाली खिलाड़ी प्रांजल लुटारे और अनिका रावत का चयन 29वीं सब-जूनियर नेशनल सेपक टकरॉ चैंपियनशिप के लिए मध्यप्रदेश टीम में हुआ है।

दोनों खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन 6 से 10 सितंबर तक श्रीनगर में किया जाएगा। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देशभर की टीमें हिस्सा लेंगी। नर्मदापुरम के दो खिलाड़ियों का मध्यप्रदेश टीम में चयन जिले के लिए गौरव का विषय है।



अनन्या भदौरिया का हॉकी एकेडमी ग्वालियर में चयन



इटारसी। शहर की होनहार बेटी अनन्या भदौरिया ने खेल जगत में एक बड़ी उपलब्धि हासिल कर इटारसी का नाम रोशन किया है। दयाराम भदौरिया की पुत्री अनन्या का चयन प्रतिष्ठित 'मध्य प्रदेश महिला हॉकी एकेडमी, ग्वालियर' में हुआ है। विशेष बात यह है कि अनन्या इटारसी की पहली महिला हॉकी खिलाड़ी बन गई हैं, जिन्होंने इस राज्य स्तरीय हॉकी एकेडमी में अपनी जगह पक्की की है। उनकी इस शानदार सफलता और ऐतिहासिक उपलब्धि पर उनके कोच कन्हैया गुरयानी ने उन्हें उपहार स्वरूप एक हॉकी स्टिक भेंट कर सम्मानित किया और उनके बेहतर खेल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। अनन्या की इस उपलब्धि से पूरे शहर के खेल प्रेमियों और उनके परिवार में खुशी की लहर है।

कोच महक लुटारे का भी चयन

खिलाड़ियों की इस उपलब्धि के साथ नर्मदापुरम सेपक टकरॉ एसोसिएशन की जिला संयुक्त सचिव महक लुटारे का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता में कोच के रूप में हुआ है। खिलाड़ियों की तैयारी में उनके मार्गदर्शन और प्रशिक्षण की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। नियमित अभ्यास, तकनीकी प्रशिक्षण और अनुशासन के साथ खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए तैयारी की है।

वहीं नर्मदापुरम सेपक टकरॉ एसोसिएशन की जिला सचिव वंशिका यादव का चयन नेशनल रेफरी के रूप में किया गया है। राष्ट्रीय स्तर पर रेफरी की जिम्मेदारी मिलना नर्मदापुरम के लिए एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस तरह नर्मदापुरम से दो खिलाड़ी, एक जिला संयुक्त सचिव एवं कोच और एक जिला सचिव एवं नेशनल रेफरी राष्ट्रीय स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

खबर संक्षेप



अंबेडकर प्रतिमा चौक के सौंदर्यीकरण की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

बैतूल। ऑल इंडिया एससी, एसटी, ओबीसी माईनोरिटी फेडरेशन के तत्वावधान में डॉ.बाबा साहेब अंबेडकर चौक निर्माण एवं सौंदर्यीकरण की मांग को लेकर सीएमओ नगर पालिका परिषद बैतूल को ज्ञापन सौंपा। इस संबंध में प्रदेश सचिव एसआर नागले ने बताया कि विगत 20 वर्षों से फवारा मोटर डाली गई थी जो बंद है नई मोटर डालकर फवारा चालू करवाई जाए। डॉ.बाबा साहेब की प्रतिमा के ऊपर जो पुरानी छतरी लोहे की है उसे बदलकर स्टील की छतरी लगाई जाए, प्रतिमा के बगल में संविधान की प्रस्तावना धातु की शिलालेख लगाई जाए, चौक का चौड़ीकरण, प्रतिमा के नीचे सौंदर्यीकरण एवं हरियाली, प्रतिमा के ऊपर हाई मास्क लाइट एवं फोकस लाइटिंग व्यवस्था, प्रतिमा रोटरी के चारों ओर स्टील की रेलिंग लगाई जाए। इस अवसर पर एसआर वाईवर, महादेव पाटील, ओमप्रकाश चंदेल, बाबूराव शेषकर, मारोती राव झरबड़े, केआर चंदेलकर, करणलाल चंदेलकर, टीसी चौकीकर, आरके पंडाग्रे, हरिदास गुजरे सहित संगठन के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद थे।

युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

बैतूल। बैतूल के माचना नगर भग्गूढाना निवासी 23 वर्षीय देवेंद्र उर्फ डिब्बी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सोमवार शाम करीब साढ़े सात बजे दोस्तों के बुलाने पर देवेंद्र घर से निकला था। जाने से पहले उसने अपनी मां से खाना बनाकर रखने को कहा था और बताया था कि पांच मिनट में लौट आएगा। मां के मुताबिक, रात 11 बजकर 16 मिनट पर देवेंद्र घर लौटा, लेकिन वह बेहोशी की हालत में था। उससे ठीक से खड़ा भी नहीं हुआ जा रहा था। पड़ोसी ने बताया कि कुछ लोग उसे घर छोड़कर गए हैं। इसके बाद परिजन उसे इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे। वह अस्पताल भी बेहोशी की हालत में ही लाया गया था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों ने देवेंद्र के शरीर पर चोट के निशान होने की बात कही है। मां के मुताबिक, उसके सीने, दोनों हाथों, पैरों, पीठ और आंख के पास चोट थी। इन्हीं चोटों के आधार पर परिजनों ने उसके साथ मारपीट की आशंका जताई है। मां ने बताया कि देवेंद्र को बुलाने आने वाले लोगों को वह नहीं जानती थी। करीब आठ दिन पहले चुन्नीढाना में भी देवेंद्र का किसी से झगड़ा हुआ था। पुलिस हमलापुर और आसपास के क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज जुटा रही है और घटनाक्रम की जानकारी जुटाई जा रही है। गंज थाना टीआई नीरज पाल ने बताया कि देवेंद्र को घायल अवस्था में अस्पताल लाया गया था, जहां उसकी मौत हो गई। मामले की जांच की जा रही है। शरीर पर मिले चोट के निशानों की भी जांच कराई जा रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि चोटें कैसे आईं और मौत की वास्तविक वजह क्या है।

सांदीपनी स्कूल के निर्माण कार्य के चलते कर्मचारी परेशान



शाहपुर। सांदीपनी स्कूल का निर्माण कार्य लगभग 1 वर्ष पूर्व प्रारंभ हुआ था। तब से अभी तक जन शिक्षा केंद्र शाहपुर में आने-जाने के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। छात्रावास में जाने वाले कर्मचारी एवं छात्रों को कीचड़ एवं निर्माण सामग्री के ऊपर से जाना पड़ रहा है। पिछली बारिश में तो जैसे-तैसे छात्रों और कर्मचारियों ने अपने आने-जाने के कार्य को ठेकेदार के द्वारा दिए गए आश्वासन के कारण समझौता कर लिया था। अब उन्हें अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मार्ग खराब होने से दोपहिया वाहन भी कार्यालय तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। जन शिक्षा केंद्र में इस समय पुस्तकों की आवाजाही होती है। जन शिक्षा केंद्र के कर्मचारियों ने अपना पुस्तक रखने का स्थल भी बदल लिया है।

सड़कों की मरम्मत के लिए पेवर ब्लॉक लगाए, लेकिन यह व्यवस्था भी नहीं टिक पाई

समस्याः बारिश से सड़कों की हालत खस्ताहाल, वाहन चालक परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

बारिश से शहर की सडकों की हालत खराब हो गई है। कई सडके गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। जिस पर वाहन चलाना तो दूर पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा है। इन गड्ढों में बारिश का पानी जमा होने से रात्रि के समय यह गड्ढे नजर नहीं आते और वाहन चालक अनियंत्रित होकर गिर रहे है। सडकों के हालात यह है कि कहीं डामर उखड़ चुका है तो कहीं सीसी रोड टूटकर गड्ढों में तब्दील हो गई है। शहर के कई प्रमुख मार्गों पर बारिश का पानी गड्ढों में जमा होकर तालाबनुमा स्थिति बना रहा है। नगरपालिका का अमला इन गड्ढों को भरने कहीं डस्ट, तो कहीं पेवर ब्लॉक का सहारा ले रहा है, लेकिन वाहन चालकों को स्थायी मरम्मत का इंतजार है। सबसे ज्यादा शहर के रेलवे स्टेशन मार्ग, आबकारी रोड, कॉलेज चौक, नंदी चौक गंज और गुरुद्वारा रोड सहित कई प्रमुख सडक़ों पर जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। वार्डो के अंदर की सडकें भी इससे अछूती नहीं हैं। नपा द्वारा गड्ढों में डस्ट और गिट्टी डलवाकर तत्काल राहत देने की कोशिश की जा रही है, लेकिन बारिश के पानी के साथ यह सामग्री बहने या दबने के बाद सडक फिर पुराने हाल में पहुंच जाती है। दरअसल बारिश में सडकों की खस्ता हालत का मुख्य कारण पानी निकासी के इंतजाम नहीं होना हैं। जिसके कारण सडक पर पानी भर जाता है। इस वजह से यह सडक महज छह माह ही टिकती है और इसके बाद सडक पर गड्ढे हो जाते हैं।

रेलवे स्टेशन के सामने नहीं टिके पेवर ब्लॉक

गंज क्षेत्र में रेलवे स्टेशन के सामने सडक की स्थिति सबसे खराब नजर आ रही है। पूरी सडक पर जगह-जगह गडढे हो गए हैं। कुछ दिन पहले नगरपालिका ने इनमें पेवर ब्लॉक लगाकर मरम्मत कराई थी, लेकिन भारी वाहनों की लगातार आवाजाही के कारण पेवर ब्लॉक भी क्षतिग्रस्त हो गए। अब सडक़ पर फिर गड्ढे दिखाई देने लगे हैं। रेलवे स्टेशन और आसपास का व्यावसायिक क्षेत्र होने के कारण यहां दिनभर वाहनों की आवाजाही लगातार रहती है। ऐसे में सडक़ की खराब स्थिति दुर्घटना के साथ वाहन चालकों के लिए आर्थिक नुकसान का कारण भी बन रही है। इधर गंज क्षेत्र के आबकारी मार्ग की हालत भी बारिश में बिगड़ गई है। पंजाबी भवन के सामने सडक़ पूरी तरह उखड़ चुकी है। गड्ढों में पेवर ब्लॉक तो लगाए जा रहे हैं, लेकिन कई स्थानों पर अब भी सडक बदहाल है। इसी मार्ग पर केंद्रीय विद्यालय होने के कारण बच्चों और अभिभावकों को भी आवागमन में परेशानी होती है।

कॉलेज चौक पर गड्ढों के कारण चलना मुश्किल

बारिश के कारण शहर की सडकों पर गड्ढे हो गये है। और उनमें जगह-जगह पानी भर गया, जिसके कारण वाहन चालकों का गाड़ी चलाना तक मुश्किल होता जा रहा है। जिससे दुर्घटना की संभावनाएं बढ़ गई है। हालांकि नगरपालिका डस्ट और पेवर ब्लाक डालकर सडकों के गड्ढे भरने का काम कर रही है, लेकिन बारिश के कारण डस्ट बह जाती है और स्थिति फिर वहीं बन रही है। कॉलेज चौक पर सडक़ के गड्ढों में बारिश का पानी जमा होने से यहां तालाबनुमा दृश्य दिखाई देता है। नपा ने पेवर ब्लॉक लगाकर गडढे भरने का प्रयास किया, लेकिन इससे समस्या खत्म नहीं हुई। चौराहे पर सडक निर्माण अधूरा होने से जगह-जगह बिखरी गिट्टी भी आवागमन में परेशानी पैदा कर रही है। विडंबना यह है कि पिछले करीब एक वर्ष से चौक के सौंदर्गीकरण और चौड़ीकरण का काम चल रहा है, लेकिन इसके बावजूद लोगों को सडक़ की बदहाली से राहत नहीं मिल पा रही है। जिससे वाहन चालकों के साथ राहगीर परेशान हो रहे हैं।



प्रतिदिन सैकड़ों लोगों का आना-जाना

शहर की मुख्य सडकों पर प्रतिदिन हजारों वाहनों का आवागमन होता है। दिन में तो वाहन चालक जैसे-तैसे सडक़ के गड्ढों से बच भी जाते है, किन्तु रात्रि में गड्ढे नजर नहीं आने से कई बार वाहन चालक गिरकर चोटिल हो चुके है। कॉलेज चौक (परशुराम चौक) के नजदीक रहने वाले सलिल हरदास, राजा तुकदेव, मोनू आदि रहवासियों का कहना है कि शहर में सडकों का निर्माण तो कराया जाता है, लेकिन यह सडक चंद सालों में ही खराब हो जाती है। जिसके बाद इनकी मरम्मत तक नहीं होती है। मरम्मत के अभाव में सडकों पर बने गड्ढों का आकार बढ़ता है और सडक जल्द ही खराब हो जाती है। वहीं वाहन चालक सडक पर बने गड्ढों से बचने के चक्कर में दुर्घटनाग्रस्त होकर चोटिल होते है। गड्ढों के वजह से वाहनों के टकराने की भी घटनाएं अक्सर सामने आती है। बार-बार वाहन गड्ढे में जाने से वाहन में टूट-फूट हो रही है। जिससे चालकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

इनका कहना है

अभी बारिश में डामर की कमी के चलते डामरीकरण नहीं हो पा रहा है और बारिश में सीमेंट का काम भी नहीं हो सकता है। ऐसे में पेवर ब्लाक लगाकर ही मरम्मत की जा सकती है। जिन स्थानों पर गड्ढे ज्यादा है, वहां पेवर ब्लाक से ही गड्ढे भरे जा रहे है। स्टेशन रोड पर बारिश के अलावा वँहा की दुकानों का पानी भी सडक़ों पर आने से स्थिति ज्यादा खराब होती है। बारिश थमने पर स्टेशन रोड, कॉलेज चौक आदि स्थानों पर गड्ढे भरे जाएंगे।

नवनीत पांडे,
सीएमओ, नगरपालिका बैतूल

बैतूल-परतवाड़ा स्टेट हाईवे पर हादसा

आयशर ट्रक पलटा, लिफ्ट लेकर बैठे बुजुर्ग की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

बैतूल-परतवाड़ा स्टेट हाईवे पर झल्लार थाना क्षेत्र में चिचोला ढाना और महारपानी गांव के बीच एक आयशर वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में वाहन में लिफ्ट लेकर जा रहे करीब 60 से 65 वर्षीय अज्ञात बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, वाहन चालक मनीष मीना गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बुजुर्ग के शव को कब्जे में लेकर उसकी पहचान के प्रयास शुरू कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार, वाहन चालक मनीष मीना निवासी खैरी, थाना गोहरगंज, रायसेन ने मंडीदीप के पास 11 मिल से नई आयशर गाड़ी उठाई थी। वह चेचिस लेकर दक्षिण भारत जा रहा था। रास्ते में करीब 60 से 65 वर्षीय बुजुर्ग ने उससे लिफ्ट ली थी। चिचोला ढाना और महारपानी के बीच अचानक वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। वाहन पलटने से उसमें सवार बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, चालक मनीष मीना गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलने के बाद झल्लार पुलिस मौके पर पहुंची और घायल चालक को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पहचान की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के गांवों में बुजुर्ग की पहचान कराने का प्रयास कर रही है। अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि बुजुर्ग ने चालक से किस स्थान से लिफ्ट ली थी। पुलिस बैतूल-भोपाल और बैतूल-अमरावती दोनों हाईवे से भी जानकारी जुटा रही है। जिला अस्पताल में भर्ती चालक मनीष मीना अभी पूरी तरह होश में नहीं है। इसी वजह से पुलिस को मृतक बुजुर्ग के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। चालक के पूरी तरह होश में आने के बाद पुलिस उससे पूछताछ कर बुजुर्ग की पहचान और उसके सफर से जुड़ी जानकारी जुटाने का प्रयास करेगी।



पुलिस ने लोगों से की पहचान में मदद की अपील

झल्लार थाना प्रभारी वहीद खान ने लोगों से अपील की है कि यदि कोई व्यक्ति मृतक बुजुर्ग को पहचानता है या उसके बारे में कोई जानकारी रखता है, तो झल्लार थाना पुलिस को सूचित करें। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और मृतक की पहचान के लिए आसपास के क्षेत्रों से जानकारी जुटाई जा रही है।

नेशनल लोक अदालत 12 सितंबर को

बैतूल। मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार 12 सितंबर को नगर पालिका परिषद बैतूल में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद बैतूल ने बताया कि प्रातः 10 से शाम 6 बजे तक आयोजित नेशनल लोक अदालत में संपत्ति कर, जल शुल्क, बकायादारों को अधिभार से छूट प्रदान की जाएगी। उन्होंने सभी भवन-भू स्वामियों से अपील की है कि लोक अदालत में अपना बकाया कर, जमा करवाकर अधिभार में छूट का लाभ प्राप्त करें।

आयुष विभाग की मासिक बैठक

नशामुक्ति के लिए स्कूल-कॉलेजों में योग शिविर लगाने के निर्देश



बैतूल। जिला आयुष कार्यालय में 1 अगस्त को आयुष विभाग की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिला आयुष अधिकारी डॉ. योगेश चौकीकर की अध्यक्षता में हुई बैठक में जिले की समस्त आयुष संस्थाओं के चिकित्सा अधिकारी शामिल हुए।

कलेक्टर के निर्देशानुसार बैठक में आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें उपस्थित 48 अधिकारियों को योग एवं प्राणायाम की सूक्ष्म क्रियाएं कराई गईं तथा सुदर्शन क्रिया के लिए प्रेरित किया गया। आर्ट ऑफ लिविंग स्कूल बैतूल की प्राचार्य श्रीमती जय श्री शाह, प्रमोद बारस्कर, श्रीमती निहारिका भावसार और पुष्पराज प्रजापति ने मार्गदर्शन दिया। बैठक में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत आयुष सेवाओं की समीक्षा कर उन्हें और अधिक गुणवत्तापूर्ण बनाने के संबंध में जानकारी दी गई। नशामुक्त भारत अभियान के तहत आमजन को नशे के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए स्कूल, कॉलेज और छात्रावासों में योग शिविर एवं व्याख्यान आयोजित करने के निर्देश दिए गए। सार्थक ऐप पर उपस्थिति, सिकल सेल एनीमिया, आयुष जन आरोग्य समिति की बैठक सहित अन्य विभागीय विषयों की भी समीक्षा की गई। राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस 23 सितंबर को लेकर जिला आयुष अधिकारी ने कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की और आयोजन के दौरान किए जाने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी। बैठक में आयुष विभाग में नवीन पदस्थापना पर डॉ. उर्वशी चंद्रोल ने एकीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सह आयुर्वेद औषधालय भौंरा तथा श्री नागेंद्र दवंडे ने डीपीएम पद पर पदभार ग्रहण किया।

बच्चों को भेंट किए स्कूली बैग

सेवानिवृत्त हुए शिक्षक संतोष वर्मा



हरिभूमि न्यूज ⏭ शाहपुर

सोमवार को शिक्षक संतोष कुमार वर्मा सेवानिवृत हुए। उन्होंने 40 वर्ष 14 दिन की सेवा दी है। उनकी प्रथम नियुक्ति प्राथमिक शाला मोरखा विकासखंड आमला से प्रारंभ हुई। अपनी सेवा अवधि में जन शिक्षक का कार्य भी किया। उनकी सेवानिवृत्ति विकासखंड शाहपुर के प्राथमिक शाला कामटी से हुई। सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह के दौरान शाला के सभी बच्चों को शिक्षक संतोष वर्मा द्वारा स्कूल बैग भेंट किए गए। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी शाहपुर जीआर बर्डे, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक शाहपुर आरएल भादे, दीपना जगताप सीएसी कुंडी और शिक्षक, शिक्षिकाओं ने शुभकामनाएं और बधाई प्रेषित की।

सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह आयोजित

माध्यमिक शाला पतौवापुरा के शिक्षक मुन्नालाल तुमड़ाम 31 अगस्त को अपनी आयु पूर्ण करने पर सेवानिवृत हुए। सेवानिवृत्ति कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी शाहपुर जीआर बर्डे, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक शाहपुर आरएल भादे, संदीपनी विद्यालय शाहपुर की प्राचार्य उषा चौरसिया, पूर्व सेवानिवृत विकासखंड शिक्षा अधिकारी शाहपुर वीके नामदेव, पूर्व सेवानिवृत प्रधान पाठक आरके विश्वकर्मा, माध्यमिक शाला पतौवापुरा एवं कुंडी संकुल सीएसी दीपना जगताप एवं शिक्षक गण मौजूद रहे। शिक्षक तुमडाम द्वारा अपने सेवाकाल के अनुभव सभी को बताए गए।

आमजन से जुड़े मामलों का संवेदनशीलता के साथ निराकरण किया जाएः कलेक्टर

कलेक्टर डॉ.सोनवणे ने जनसुनवाई में सुनीं नागरिकों की समस्याएं



बैतूल। कलेक्टर डॉ.सौरभ संजय सोनवणे ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रातः 11 बजे से आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं ध्यान पूर्वक सुनीं। जनसुनवाई के दौरान राजस्व, भूमि विवाद, पेंशन, आवास, बिजली, पानी सहित अन्य विभागों से जुड़ी शिकायतें प्राप्त हुई। इस दौरान उन्होंने कई प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर मौके पर ही निराकरण कराया, वहीं शेष मामलों में समय-सीमा तय करते हुए अधिकारियों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। जनसुनवाई में ग्राम बोरगांव जीन निवासी बिहारीलाल मालवीय ने विनिर्माता का रजिस्ट्रेशन दिलाने के संबंध में आवेदन दिया, जिस पर कलेक्टर ने डीएफओ साउथ को वन परिक्षेत्र अधिकारी ताप्ती द्वारा सत्यापित करा कर आवेदक की समस्या के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत भडुस के वार्डवासियों द्वारा अवैध गोबर के घुड़े व घरेलू अपशिष्ट को हटाने के आवेदन पर कलेक्टर ने जनपद पंचायत बैतूल को जांच कर आवेदकों की समस्या के निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ.सोनवणे ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें, ताकि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए जनसुनवाई में दोबारा न आना पड़े। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर श्रीमती वंदना जाट ने भी नागरिकों की समस्याएं सुनी। इस अवसर पर सभी विभागीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

अवैध कब्जा पाए जाने पर हटाने के निर्देश

जनसुनवाई में घोड़ाडोंगरी तहसील के पाढर निवासी हेमराज राठौर ने अनावेदक गणों द्वारा जमीन पर अवैध कब्जा कर जान से मारने की धमकी देने की शिकायत की। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर ने शाहपुर एसडीएम को जांच कर आवेदक की समस्या के निराकरण के निर्देश दिए। बैतूल के टेलिफोन कॉलोनी विकास नगर निवासी ढोंडू साहूकार ने पैतृक जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत की, जिस पर कलेक्टर ने तहसीलदार मुलताई को जांच कर आवेदक की समस्या के निराकरण के निर्देश दिए। आठनेर के ग्राम धारुल निवासी बिरे सिंग ने सरपंच द्वारा वन मंडल अधिकारी दक्षिण बैतूल सामान्य को भ्रामक जानकारी देकर दुकान हटाए जाने की शिकायत की।

---

100 करोड़ की प्रस्तावित लागत से धार्मिक पर्यटन स्थल के विकास की तैयारी

ताप्ती लोक की परिकल्पना को अब मिल सकता है यथार्थ का स्वरूप

भोपाल की कंसल्टेंसी टीम ने ताप्ती परिक्रमा क्षेत्र और छोटे तालाब का किया सर्वे

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई

सूर्यपुत्री मां ताप्ती की जन्मस्थली एवं मध्य प्रदेश शासन द्वारा घोषित पवित्र नगरी मुलताई को धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किए जाने की वर्षों पुरानी मांग और संघर्ष को अब यथार्थ का स्वरूप मिलने की संभावनाएं बढ़ गई हैं। हाल ही में भोपाल संभागायुक्त द्वारा मुलताई पहुंचकर मां ताप्ती परिक्रमा क्षेत्र का दौरा किए जाने के बाद अब भोपाल की कंसल्टेंसी एजेंसी की टीम ने ताप्ती नगरी पहुंचकर प्रस्तावित विकास कार्यों के लिए सर्वेक्षण शुरू कर दिया है। विभागीय सूत्रों के अनुसार, पवित्र नगरी मुलताई में लगभग 100 करोड़ रुपए की प्रस्तावित लागत से मां ताप्ती लोक विकसित किए जाने की योजना है। इसी परियोजना के तहत विस्तृत सर्वे और डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करने की जिम्मेदारी भोपाल की समग्र कंसल्टेंसी को दी गई है। मंगलवार को कंसल्टेंसी एजेंसी की टीम मुलताई पहुंची और प्रस्तावित ताप्ती लोक क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण करते हुए सर्वे कार्य प्रारंभ किया। कंसल्टेंसी टीम द्वारा ताप्ती परिक्रमा क्षेत्र के साथ ही छोटे तालाब सहित आसपास के प्रस्तावित विकास क्षेत्र का भी विस्तृत सर्वे किया गया। सर्वेक्षण के आधार पर क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति, उपलब्ध स्थान, वर्तमान सुविधाओं और प्रस्तावित विकास कार्यों का अध्ययन कर डीपीआर तैयार की जाएगी। इसके बाद परियोजना को मूर्त रूप देने की दिशा में आगामी प्रक्रिया शुरू होने की संभावना है।



दशकों का इंतजार क्या अब होगा समाप्त?

मां ताप्ती की उद्गमस्थली मुलताई का धार्मिक, पौराणिक और ऐतिहासिक महत्व सदियों से रहा है। ताप्ती सरोवर और मां ताप्ती मंदिर के कारण यह नगरी देशभर के श्रद्धालुओं के लिए आस्था का प्रमुख केंद्र मानी जाती है। नगरवासियों द्वारा लंबे समय से मुलताई को राष्ट्रीय स्तर के धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की मांग की जाती रही है। पिछले दो दशकों के दौरान मुलताई के विकास को लेकर कई बार घोषणाएं और आश्वासन सामने आए। कभी मुलताई को धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की बात कही गई, तो कभी ताप्ती लोक और ताप्ती कॉरिडोर जैसी योजनाओं की चर्चा हुई। हालांकि, इन योजनाओं की ठोस रूपरेखा और जमीनी स्तर पर काम शुरू नहीं होने के कारण नागरिकों में निराशा बनी रही। अब कंसल्टेंसी एजेंसी द्वारा सर्वे शुरू किए जाने से क्षेत्रवासियों की उम्मीदें फिर बढ़ गई हैं। माना जा रहा है कि सर्वे और डीपीआर तैयार होने के बाद ताप्ती लोक परियोजना को आगे बढ़ाने की प्रक्रिया तेज हो सकती है।

धार्मिक आस्था के साथ पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

प्रस्तावित मां ताप्ती लोक को मुलताई की धार्मिक एवं पर्यटन पहचान को ध्यान में रखते हुए विकसित किए जाने की योजना है। परियोजना के तहत ताप्ती सरोवर, मां ताप्ती मंदिर और परिक्रमा क्षेत्र को बेहतर स्वरूप देने के साथ श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों के लिए आवश्यक सुविधाएं विकसित किए जाने की संभावना है। परियोजना के मूर्त रूप लेने पर मुलताई में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार और व्यवसाय के नए अवसर भी पैदा हो सकते हैं। देश के विभिन्न क्षेत्रों से मां ताप्ती के दर्शन और परिक्रमा के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में भी यह परियोजना महत्वपूर्ण साबित हो सकती है।

सर्वे के बाद तैयार होगी डीपीआर

कंसल्टेंसी एजेंसी का प्रमुख कार्य प्रस्तावित क्षेत्र का विस्तृत सर्वेक्षण कर उसकी व्यवहारिकता का अध्ययन करना और उसके आधार पर डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करना है। डीपीआर में परियोजना के विभिन्न घटकों, विकास कार्यों, सुविधाओं, निर्माण की संभावनाओं और अनुमानित लागत का विस्तृत खाका तैयार किया जाएगा। सर्वे कार्य शुरू होने के बाद अब क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि वर्षों से चली आ रही ताप्ती लोक की मांग केवल घोषणा और आश्वासन तक सीमित न रहकर धरातल पर आकार लेगी। यदि प्रस्तावित योजना निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आगे बढ़ती है, तो यह मुलताई को धार्मिक पर्यटन के मानचित्र पर नई पहचान दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकता है।

सर्वे कार्य किया प्रारंभ

भोपाल से सामग्र कंसलटेंसी के लोगों ने मुलताई पहुंचकर ताप्ती लोक निर्माण का सर्वे कार्य प्रारंभ किया है, सर्वे उपरांत डीपीआर बनाकर ताप्ती लोक की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा।

महेश शर्मा
उपयंत्री नगर पालिका मुलताई

मांगे नहीं मानी तो दी आंदोलन की चेतावनी

समस्याओं के निराकरण के लिए 11 दिन से धरने पर बैठे आदिवासी

आदिवासी संघ अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठा हुआ है। आदिवासियों ने सरकार के सामने अनेक मांगे रखीं हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



विगत 11 दिनों से सर्व आदिवासी समाज सैकड़ों की संख्या में तहसील के सामने अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए धरने पर बैठे हैं। अभी तक तहसीलदार के अलावा कोई सक्षम वरिष्ठ अधिकारी उनसे चर्चा के लिए उनके पास नहीं पहुंचा है।

आदिवासी समाज के कृष्ण मस्कोले आशीष उईके ने बताया कि हमारी मांग है ग्राम खखरा पूरा , डांगपुरा कि जिस भूमि पर हम वर्षों से काबिज थे वहां प्रशासन ने अतिक्रमण बताकर अन्याय पूर्ण बेदखल कर दिया है हमें उसे जमीन के पट्टे दिए जाए।

वन विभाग की बीट क्रमांक 193 रकबा 66 हेक्टेयर जमीन की प्रमाणित सत्य प्रतिलिपि देने की मांग की गई है विस्थापित ग्राम खामदा के चार हितग्राहियों को आवंटन की गई भूमि की प्रमाणित प्रति दी जाए कब किस विभाग ने आवंटित की है और वह किस विभाग के पास कैसे हस्तांतरित हुई ग्राम धमासा के आदिवासी जिस जमीन पर काबिज होकर खेती कर रहे हैं उन्हें पट्टे प्रदान किए बुधवारा गुर्जर वाडा के में पट्टे आदिवासियों के नाम है और जमीन पर गैर आदिवासी बाहुबली का कब्जा करके बैठे हैं। ऐसे अतिक्रमणका रियो को हटाकर पट्टे धरियो को जमीन दिलाई जाए धमासा एवं आदिवासी बहुल गांव मोहल्ले में सड़कों की बुरी हालत है सड़क निर्माण कराया जाए। हम 11 दिन से बैठे हैंद्ध प्रशासन का हमारी समस्याओं के निराकरण के लिए कोई पहल करता हुआ नजर नहीं आ रहा है तीन दिवस में अगर समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया तो सर्व आदिवासी समाज उग्र आंदोलन करेगा, जिसकी समस्त जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी।

माखन नगर विगत 11 दिनों से सर्व आदिवासी समाज सैकड़ो की संख्या में तहसील के सामने अपनी समस्याओं के निराकरण धरने पर बैठे हैं अभी तक तहसीलदार के अलावा कोई सक्षम वरिष्ठ अधिकारी उनसे चर्चा के लिए उनके पास नहीं पहुंचा है। आदिवासी समाज के कृष्ण मस्कोले आशीष उईके ने बताया कि हमारी मांग है ग्राम खखरा पूरा , डांगपुरा कि जिस भूमि पर हम कागज से वहां प्रशासन ने अतिक्रमण बताकर अन्याय पूर्ण बेदखल कर दिया है हमें उसे जमीन के पट्टे दिए जाएं।

आवंटन की गई भूमि की प्रमाणित प्रति दी जाए

वन विभाग की बीट क्रमांक 193 रकबा 66 हेक्टेयर जमीन की प्रमाणित सत्य प्रतिलिपि देने की मांग की गई है। विस्थापित ग्राम खामदा के चार हितग्राहियों को आवंटन की गई भूमि की प्रमाणित प्रति दी जाए। कब किस विभाग ने आवंटित की है और वह किस विभाग के पास कैसे हस्तांतरित हुई ग्राम तमाशा के आदिवासी जिस जमीन पर कागज होकर खेती कर रहे हैं उन्हें पेट प्रदान किए जाए। ग्राम माना गांव बुधवारा गुर्जर वाडा के में पत्ते आदिवासियों के नाम है और जमीन पर गैर आदिवासी बाहुबली का बीच है ऐसे अतिक्रमण कार्यों को हटाकर पत्तेदारों को जमीन दिलाई जाए। भामाशाह एवं आदिवासी बहुल गांव मोहल्ले में सड़कों की बुरी हालत है सड़क निर्माण कराया जाए। हम 11 दिन से बैठे हैंद्ध प्रशासन का हमारी समस्याओं के निराकरण के लिए कोई पहल करता हुआ नजर नहीं आ रहा है। तीन दिवस में अगर समस्याओं के का निराकरण नहीं किया गया तो सर्व आदिवासी समाज उग्र आंदोलन करेगा।

धरने पर बैठे सर्व आदिवासी समाज के बीच कांग्रेस के पदाधिकारी पहुंचे और उनकी जायज मांगों का समर्थन करते हुए कहा है हम आपके साथ हैं। धरना स्थल पर नगर कांग्रेस अध्यक्ष रत्नेश बडगूजर महेंद्र सिंघई रमेश तिवारी हकीम खान राजकुमार गुप्ता द्वारका चौधरी शेखर राजपूत राजेश चौहान सहित पदाधिकारी मौजूद रहे। समाज के बीच कांग्रेस के पदाधिकारी पहुंचे और उनकी जायज मांगों का समर्थन करते हुए कहा है हम आपके साथ है। धरना स्थल पर नगर कांग्रेस अध्यक्ष रत्नेश बडगूजर महेंद्र सिंघई रमेश तिवारी हकीम खान राजकुमार गुप्ता द्वारका चौधरी शेखर राजपूत राजेश चौहान सहित पदाधिकारी मौजूद रहे।

मुख्य बाजार में अवैध पार्किंग से बाधित यातायात रोजाना जाम से दिनभर परेशान होते हैं नागरिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सोहागपुर शहर के मुख्य बाजार के अंदरूनी मार्गों पर अवैध पार्किंग तथा अस्थाई दुकानों को सड़क पर लगाने के कारण दिनभर यातायात की बाधा उत्पन्न होती रहती है। मंगलवार को भी अवैध रूप से सड़क पर खड़े वाहनों से नागरिक परेशान हुए। शहरवासी व्यापारी नीलेश खंडेलवाल ने बताया कि कमानिया गेट से बिहारी चौक रोड तक के क्षेत्र में दुकानों का विस्तार सड़क पर कर दिया जाता है। वहीं दो पहिया तथा चौपहिया वाहन अवैध रूप से सड़क पर खड़े किए जाते हैं। वहीं कमानिया गेट से लेकर श्रीराम चौक तक अस्थाई दुकानें हाथ ठेले पर लगाने से मार्ग बाधित होता है। इस दौरान दोपहिया वाहन भी पार्क किए जाते हैं।

दुकानों की सामग्री अनलोड करने वाले लोडिंग वाहन भी सड़क पर दिनभर खड़े रहते हैं। जिनके कारण यातायात की बाधा उत्पन्न होती है। नीलेश खंडेलवाल सहित अन्य व्यापारियों एवं नागरिकों ने नगर परिषद तथा पुलिस से अपेक्षा की है कि सकारात्मक परिणाम देने वाले प्रयास किए जाएं। ताकि अवैध पार्किंग एवं दुकानों के असामान्य विस्तार पर रोक लग सके।

पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय पचमढ़ी में हुआ हिन्दी माह अनुपालन समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी



पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय पचमढ़ी में मंगलवार को हिन्दी माह अनुपालन समारोह के उद्घाटन सत्र का आगाज हुआ। समारोह का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य आनंद एम. नांदुरकर ने अपने उद्बोधन में हिन्दी भाषा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिन्दी केवल एक भाषा नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और संस्कारों की पहचान है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से हिन्दी माह में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। समारोह में हिन्दी शिक्षक देवेन्द्र कुमार ने सम्पूर्ण हिन्दी माह के दौरान आयोजित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि इस माह के दौरान निबंध लेखन, कविता पाठ, वाद-विवाद, भाषण, सुलेख, श्रुतलेख तथा हिन्दी टंकण जैसी विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। उद्घाटन सत्र को विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियों से और भी यादगार बना दिया। कक्षा दसवीं के छात्र परीक्षित ने ओज गुण से परिपूर्ण कविता 'हुंकार' का सशक्त पाठ कर सभागार में देशभक्ति और जोश का संचार कर दिया। वहीं कक्षा नवीं की छात्रा रिद्धि जैन ने हिन्दी भाषा के प्रति अपने प्रेम और सम्मान को अत्यंत भावपूर्ण शब्दों में व्यक्त किया, जिसकी सभी ने सराहना की। कार्यक्रम का संचालन हिन्दी विभागाध्यक्ष देवेंद्र कुमार द्वारा किया गया।

रानी साहिबा को दी श्रद्धांजलि कराया बेघरों को भोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

समीपस्थ शोभापुर रियासत की रानी संगीता देवी शाह का गत दिनों निधन हो गया। जिसके बाद उनके गंगाजली पूजन एवं तेरहवीं का कार्यक्रम शनिवार को श्रद्धा भाव के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर शोभापुर के राजा साहब परिवार के द्वारा ग्राम में आयोजित कार्यक्रम के बाद शाम को सोहागपुर में राम रहीम रोटी बैंक के माध्यम से रेलवे स्टेशन पर बेघरों एवं बेसहारा लोगों को भोजन कराया गया है। इस अवसर पर शोभापुर राजपरिवार के राजा विक्रम बहादुर शाह जूदेव द्वारा राम रहीम रोटी बैंक को बेघरों के लिए विभिन्न व्यंजनों सहित पकवान प्रदान किए गए। राम रहीम रोटी बैंक के सदस्यों ने राजपरिवार के इस सेवाभाव का हृदय से आभार व्यक्त किया और कहा कि रानी साहिबा की स्मृति में किया गया यह सेवा कार्य समाज के लिए प्रेरणादायी है।


खाली प्लॉट में दिखा मगरमच्छ, दहशत के बाद वन विभाग ने बढ़ाई निगरानी, पकड़ने का प्रयास जारी



सीहोर। जिले के बुधनी में सोमवार को वार्ड क्रमांक-4 स्थित अदालत कॉलोनी में हड़कंप मच गया। बारिश के बाद जलभराव वाले एक खाली प्लॉट में मगरमच्छ दिखाई दिया। मगरमच्छ को पानी में तैरते देख आसपास के रहवासियों में दहशत फैल गई। लोगों ने छतों से इसका वीडियो बनाया, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

मगरमच्छ दिखने की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने वन विभाग को जानकारी दी। वन परिक्षेत्र अधिकारी रजित द्विवेदी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए वन अमले को तत्काल क्षेत्र में निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। वन विभाग की टीम मगरमच्छ की गतिविधियों पर नजर रख रही है और उसे सुरक्षित पकड़ने का प्रयास कर रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार, इससे पहले भी बुधनी घाट रोड पर एक खेत में मगरमच्छ दिखा था, जिसे पकड़ने में वन विभाग को काफी मशक्कत करनी पड़ी थी। अब वार्ड नंबर 4 में मगरमच्छ दिखने से कॉलोनी के रहवासियों में डर का माहौल है। लोगों का मानना है कि बारिश में जलभराव वाले क्षेत्रों में मगरमच्छ पहुंच जाते हैं। वन विभाग ने स्थानीय लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। अधिकारियों ने सलाह दी है कि लोग पानी से भरे खाली प्लॉट या जलभराव वाले क्षेत्रों में जाने से बचें। मगरमच्छ दिखने पर उसके करीब न जाएं और तुरंत वन विभाग को सूचित करें। विभाग का अमला मगरमच्छ को जल्द सुरक्षित पकड़ने की कार्रवाई में जुटा है।

उत्कृष्ट और कन्या विद्यालय में मेधावी छात्रों का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

शाकउमावि सांदीपनि विद्यालय एवं आर.एन.ए. उत्कृष्ट विद्यालय में मेधावी छात्र-छात्रा प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को लैपटॉप राशि अंतरण के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक ठाकुरदास नागवंशी, पूर्व जिला सतर्कता निगरानी समिति सदस्य अरविंद राय, जपं अध्यक्ष, स्थानीय पार्षदों और महिला मोर्चा की पदाधिकारियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर पूजा-अर्चना व दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रीलाल रघुवंशी, प्राचार्य संजीव दुबे, प्राचार्य अरविंद रघुवंशी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

बीमारियों का प्रसार रोकने नप करा रही शहर में रोगरोधी दवाओं का छिड़काव



सोहागपुर। वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए सोहागपुर नगर परिषद द्वारा शहर में विशेष स्वच्छता अभियान संचालित किया जा रहा है। इस दौरान रोगरोधी दवाओं का छिड़काव नप करा रही है। नपाध्यक्ष लता यशवंत पटेल तथा सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि वर्षा ऋतु के दौरान स्वच्छता एवं स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नगर परिषद ने यह अभियान शुरू किया है। जिसमें सोहागपुर नप द्वारा वार्डों में रोगरोधी दवा रूप में क्रेसोलिक तथा कार्बोलिक पाउडर का छिड़काव कराया जा रहा है। सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा के अनुसार बरसात के मौसम में विभिन्न स्थानों पर होने वाली दुर्गंध एवं अस्वच्छता की स्थिति को नियंत्रित करने व वार्डों में स्वच्छ एवं स्वास्थ्यप्रद वातावरण बनाए रखने के उद्देश्य से यह कार्य निरंतर कराया जा रहा है। इधर नागरिकों तथा सभी पार्षदों ने मांग की है कि प्रत्येक वार्ड की प्रत्येक गली में नालियों के समीप तथा जलभराव स्थलों पर आवश्यक दवाओं का छिड़काव प्रति सप्ताह बरसात के मौसम में कराया जाए। ताकि रोगों के प्रसार की संभावनाओं पर पूर्ण रूप लग सके।

महिला की फांसी लगने से हुई मौत, जांच जारी

माखन नगर। कुठारिया वार्ड नंबर 7 में वंदना यादव पति रामदास यादव ने झूले की रस्सी का फंदा बनाकर आत्महत्या करली। एएसआई वीरेंद्र शुक्ला ने बताया ग्राम कुठारिया की वंदना यादव ने सुबह के टाइम अपने घर में जब पति घर में नहाने गया था उसी समय झूले की रस्सी से फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। मृतिका ब्लड प्रेशर की मरीज थी। पति ने बताया बेटा देर से स्कूल से आया था वह उसे डांट रही थी। मैंने मना किया तो उसने गुस्से में यह कदम उठाया है। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया एवं मर्ग कायम कर जांच में लिया।

विद्युत उपभोक्ताओं को मोबाइल पर नहीं मिल रहे बिल के एसएमएस, उपभोक्ता परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



विद्युत वितरण कंपनी ने नगर में स्मार्ट मीटर लगा दिए हैं लेकिन अनेक उपभोक्ताओं की शिकायत है कि उन्हें बिल के एसएमएस प्राप्त नहीं हो रहे हैं। एसएमएस प्राप्त नहीं होने के कारण बिल भरने में देरी होती है और विद्युत मंडल ऐसे उपभोक्ताओं पर अधिभार लगा देता है

इस संबंध में नगर कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने विद्युत मंडल के अधिकारियों से मुलाकात की और उपभोक्ताओं की समस्याओं के निराकरण करने की मांग की विद्युत मंडल के सहायक इंजीनियर गोस्वामी ने शीघ्र समस्या निराकरण का आश्वासन दिया है।

भुजरिया पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया



माखननगर। रक्षा बंधन के दूसरे दिन नगर में भुजरिया पर्व उत्साह से मनाया गया। लोगों ने घर घर जाकर, भुजालिया भेट कर बड़ो से आशीर्वाद लिया। पारंपरिक त्यौहार में लायंस क्लब के पूर्व अध्यक्ष m j f दीपक वर्मा, संजय वर्मा _वर्मा सेनानी परिवार, समाजसेवी _सुनील मोदी, प्रदीप वर्मा, दिनेश सोनी, राजेंद्र वर्मा, फुलु वर्मा आदि अनेक लोगों ने _ऐसे परिवार जिन्होंने अपनों को खोया है, उनके यहां जाकर भुजालिया देकर शोक संवेदना व्यक्त की।

कोहरे की आगोश में डूबी पचमढ़ी, पर्यटक हुए खुश



हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

इन दिनों पचमढ़ी का नजारा देखते ही बनता है। सतपुड़ा पर्वत की सबसे ऊंची चोटी धूपगढ़ में शाम के समय का नजर कुछ इस तरह दिखाई दे रहा है। पर्यटक बादलों के बीच इस अदभुत दृश्य को देखकर खुश हुए। साथ ही इन नजारों को अपने मोबाइल के कैमरों में कैद करते नजर आए। शाम को धूपगढ़ का तापमान कम हो जाता है जिसकी वजह से धुंध कोहरे में सतपुड़ा की पहाड़ियां ढक जाती है ओर ऐसा लगता है बादलों में लोग घूम रहे हैं।

ग्राम नवलगांव में हुए धार्मिक आयोजन

ग्रामवासियों ने मनाया पीपल का जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सोहागपुर का समूचा क्षेत्र प्रकृति को देवतुल्य मानने वाले सद्गविचारी लोगों का क्षेत्र है। जहां प्रकृति को पूजा जाता है। इसी क्रम में ग्राम नवलगांव में पीपल के एक वृक्ष का 13 वां जन्मदिन गत दिनों बाद ही श्रद्धा भाव के साथ मनाया गया।

ग्रामवासी घनश्याम रघुवंशी ने बताया कि 13 वर्ष पूर्व गांव के मंदिर के समीप पीपल का एक पौधा रोपा गया था। गत दिनों उक्त पीपल के रोपण के 13 वर्ष पूर्ण हुए। इस अवसर पर वृक्ष देवता का जन्मदिन बड़ी श्रद्धा भाव के साथ मनाया गया। गांव के मंदिर में विशेष पूजन किया गया तथा प्रसाद वितरण किया गया। सोहागपुर क्षेत्र के पर्यावरण प्रेमियों ने ग्रामीणों के इस अभिनव प्रयास की सराहना की है। सभी ने कहा कि इस तरह की पहल प्रत्येक क्षेत्र में होनी चाहिए। जिसमें पौधों को रोपित कर उनके वृक्ष बनने तक ध्यान रखा जाए। तथा उनके जन्म दिवस प्रतिवर्ष मनाए जाएं तो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अपेक्षित सकारात्मक परिणाम मिल सकते हैं।

रक्षाबंधन पर लगाया था पौधा मनाया जन्मिदन

घनश्याम रघुवंशी एवं ग्रामीणों ने बताया कि 13 वर्ष पूर्व रक्षाबंधन के दिन ही पीपल के पौधे का रोपण ग्राम के मंदिर के समीप परिसर में किया गया था। तथा प्रतिवर्ष रक्षाबंधन के दिवस वृक्ष पर रक्षासूत्र बांधकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया जाता है। रघुवंशी ने बताया कि 13 वर्ष पूर्व वर्ष 2013 में पीपल देव का पौधा लक्ष्मण रघुवंशी, प्रेमनारायण रघुवंशी, घनश्याम रघुवंशी, ओमप्रकाश रघुवंशी एवं अन्य ग्रामवासियों द्वारा लगाया गया था। जिसका जन्मदिन मनाकर प्रयासों के सफल होने का उत्सव मनाया।

जलभराव समस्या दूर करने भाजपा मंडल अध्यक्ष ने सौंपा आवेदन, अन्यथा देंगे धरना

नागरिक संघर्ष समिति संयोजक ने भी कलेक्टर से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सोहागपुर शहर में सीएम राइज़ स्कूल के निर्माणाधीन भवन के सामने स्टेट हाईवे पर चार वर्षों से जलभराव की समस्या है। समस्या के समाधान के लिए मंगलवार को सोहागपुर भाजपा मंडलाध्यक्ष अश्वनी सरोज ने सोहागपुर एसडीएम के नाम आवेदन सौंपा है।

आवेदन में उल्लेख है कि सांदीपनी स्कूल के सामने वाली पिपरिया नर्मदापुरम रोड बहुत ही खराब है। जिससे आए दिन एक्सीडेंट होने एवं जाम की स्थिति निर्मित होने के कारण आम जनता को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। चूंकि यह पिपरिया नर्मदापुरम मुख्य मार्ग की रोड है, अतः इस रोड की समस्या का स्थाई निराकरण किया जाए। निराकरण नहीं करने की स्थिति में आगामी तीन दिवस बाद मंडल अध्यक्ष अश्वनी सरोज द्वारा समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ उक्त स्थल पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। वहीं गति दिवस सोहागपुर नागरिक संघर्ष समिति संयोजक अधिवक्ता शिवकुमार पटेल ने भी दूरभाष पर नर्मदापुरम कलेक्टर तथा सोहागपुर एसडीएम से समस्या के सड़क पर जलभराव समस्या के निराकरण की मांग की है। उन्होंने कहा कि तत्काल समस्या का निराकरण किया जाए, अन्यथा प्रदर्शन किया जाएगा।

खबर संक्षेप



कार्य दिवस की शुरुआत वंदेमातरम से हुई

हरदा। प्रत्येक माह के पहले कार्य दिवस की शुरूआत शासकीय कार्यालयों में राष्ट्रगीत वंदेमातरम गायन के साथ होती है। इसी क्रम में सोमवार सुबह कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित कार्यालयों के अधिकारी कर्मचारियों ने राष्ट्रगीत वंदे-मातरम एवं राष्ट्रगान जन-गण-मन का सामूहिक गायन किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी भी मौजूद थे।

आज लगेगा जैविक बाजार

हरदा। जिला मुख्यालय पर स्टेडियम के गेट नम्बर 2 के पास लगने वाला जैविक बाजार पुनः प्रारंभ किया जा रहा है। जैविक उत्पादों को बढ़ावा देने और नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण जैविक उत्पाद उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह बाजार अब प्रत्येक बुधवार लगाया जाएगा। जैविक बाजार में स्थानीय उत्पादकों एवं किसानों द्वारा तैयार जैविक एवं प्राकृतिक उत्पाद उपलब्ध रहेंगे। बाजार के पुनः प्रारंभ होने से स्थानीय जैविक उत्पादकों को अपने उत्पादों के विक्रय के लिए बेहतर मंच मिलेगा, वहीं नागरिकों को एक ही स्थान पर जैविक उत्पाद खरीदने की सुविधा प्राप्त होगी।

टिमरनी में कल होगा कार्यक्रम

हरदा। मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 के तहत हरदा जिले में आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों के क्रम में टिमरनी में प्रस्तावित कार्यक्रम की तिथि में संशोधन किया गया है। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पर्व पर 4 सितंबर को शासकीय अवकाश होने के कारण नगर परिषद टिमरनी के रैन बसेरा, में 3 सितंबर गुरूवार को कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने बताया कि जिला प्रशासन के अधिकारी एवं कर्मचारी निर्धारित क्षेत्रों का भ्रमण कर शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन, जनसमस्याओं के निराकरण तथा आमजन को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं की स्थिति का जायजा ले रहे हैं।

शिक्षकों ने दिल्ली के केशवपुरम स्थित जाट धर्मशाला में भरी हुंकार

'शिक्षकों के मान-सम्मान में टेट की बाध्यता निरस्त करे सरकार'

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन



शिक्षक पात्रता परीक्षा टेट की अनिवार्यता को समाप्त करने की मांग को लेकर देशभर के शिक्षकों ने दिल्ली के केशवपुरम स्थित जाट धर्मशाला में हुंकार भरी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जेटीएफ के मुख्य राष्ट्रीय संयोजक जगदीश यादव ने कहा कि शिक्षकों पर थोपे गए टेट की अनिवार्यता उनके मान-सम्मान और वर्षों की सेवा का अपमान है। सरकार लोकसभा में विधेयक लाकर इस अव्यवहारिक व्यवस्था को तत्काल समाप्त करे, अन्यथा आने वाले समय में जिला, प्रांत और राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक आंदोलन किया जाएगा।

जगदीश यादव ने कहा कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम आरटीई वर्ष 2009 में लागू हुआ, जबकि सरकार उससे पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर भी टेट की अनिवार्यता लागू करने की तैयारी कर रही है। वर्षों से शिक्षण कार्य कर रहे अनुभवी शिक्षकों की पुनः पात्रता परीक्षा लेना पूरी तरह अव्यवहारिक और उनके सम्मान के विरुद्ध है। उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली आंदोलन में शामिल होने के लिए मध्य प्रदेश से आने वाले हजारों शिक्षकों को पुलिस प्रशासन द्वारा बसों, ट्रेनों और अन्य वाहनों से उतारा गया तथा कई शिक्षकों को थानों में बैठाकर दिल्ली आने से रोका गया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की आवाज को दबाने का प्रयास लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है। आंदोलन को दबाया नहीं जा सकता।

यादव ने देशभर के शिक्षकों से आह्वान करते हुए कहा कि जब तक टेट की अनिवार्यता समाप्त नहीं होती, तब तक शिक्षक एकजुट होकर संघर्ष जारी रखें। उन्होंने शिक्षकों से टेट आवेदन और परीक्षा में शामिल होने के संबंध में सामूहिक आंदोलनात्मक निर्णय का पालन करने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम पूर्व निर्धारित रूप से दिल्ली के जंतर-मंतर पर आयोजित किया जाना था, लेकिन दिल्ली पुलिस से अनुमति नहीं मिलने के बाद जे टी एफ के कोर ग्रुप ने कार्यक्रम स्थल में परिवर्तन का निर्णय लिया और केशवपुरम स्थित जाट धर्मशाला में राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, जम्मू-कश्मीर सहित देश के विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में शिक्षक शामिल हुए। शिक्षकों ने एक स्वर में टेट की अनिवार्यता समाप्त करने तथा इस संबंध में लोकसभा में विधेयक पारित करने की मांग की। कार्यक्रम को राकेश दुबे, डी.के. सिंगोर, मनजीत राणा, परमानंद डेहरिया, मृगनयनी सलाथिया सहित विभिन्न राज्यों से आए शिक्षक प्रतिनिधियों ने संबोधित किया।

सभी वक्ताओं ने टेट की अनिवार्यता का विरोध करते हुए सरकार से तत्काल समाधान की मांग की। साथ ही निर्णय लिया गया कि मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन को जिला, प्रांत और राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक व्यापक बनाया जाएगा। इस राष्ट्रीय आंदोलन में मध्य प्रदेश से हजारों शिक्षको को पुलिस प्रशासन द्वारा रोके जाने के बावजूद भी बड़ी संख्या में शिक्षक दिल्ली पहुंचे और अपनी आवाज बुलंद की। शिक्षकों ने स्पष्ट संदेश दिया कि उनके मान-सम्मान, सेवा सुरक्षा और भविष्य से जुड़े मुद्दों पर संघर्ष लगातार जारी रहेगा। इस आंदोलन में खरगोन जिले से भी बड़ी संख्या में शिक्षकों ने दिल्ली पहुंचकर प्रदर्शन में भाग लिया। जिसमें प्रमुख रूप से प्रभुराम मालवीया, आशीष तिवारी,घनश्याम पटेल, अतीक खान, ग्यारसीलाल पटेल, सिराज शेख, अकील खान, देवदास पाटीदार, हमीर चौहान,रामलाल वर्मा कमलेश रैकल, अनार सिंह डावर, दरबार बर्डे, भारत चौहान, रमेशचंद्र सोलंकी,v उदयसिंह भंडारी सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित थे।

कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी नागरिकों की समस्याएं



हरदा। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने मंगलवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में आए नागरिकों की समस्याएं सुनी और उपस्थित अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार एवं अनुपमा चौहान, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रवीण इवने, एसडीएम खिरकिया रजनी वर्मा, एसडीएम हरदा अशोक डहेरिया, एसडीएम टिमरनी शैलेन्द्र बड़ोनिया, डिप्टी कलेक्टर श्वेता बम्होरे एवं असवनराम चिरामन सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे।


जनसुनवाई में ग्राम रातातलाई निवासी राहुल ने मूंग फसल उपार्जन का भुगतान नहीं होने के संबंध में शिकायत की, जिस पर संबंधित अधिकारी को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिए गए। ग्राम गाडरापुर दमामी निवासी शंकर ने आवेदन देकर जमीन का वनभूमि पट्टा दिलाने की मांग की, जिस पर तहसीलदार हंडिया को मामले की जांच कर आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में ग्राम जिजगांव निवासी जीवनसिंह, लखनसिंह व योगेश सिंह ने रिकार्ड दुरूस्तीकरण के संबंध में आवेदन दिया, जिस पर एसडीएम हरदा को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिए गए। ग्राम सारसूद निवासी अवधनारायण ने खदान की पाल टूटने से क्षतिग्रस्त हुए कुए की मरम्मत कराने के संबंध में आवेदन दिया, जिस पर तहसीलदार खिरकिया को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में हरदा निवासी जीतु श्रीवास ने बिजली बिल अधिक आने के संबंध में शिकायत की, जिस पर विद्युत वितरण कम्पनी के अधिकारी को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिए गए। ग्राम कुड़ावा निवासी प्रेमनारायण ने प्रधानमंत्री आवास की दूसरी किश्त प्राप्त न होने के संबंध में शिकायत की, जिस पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिए गए।

पंचायत उपनिर्वाचन कार्यक्रम घोषित, मतदान 29 को होगा, आदर्श आचरण संहिता लागू

हरदा। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन वर्ष पूर्वार्ध का कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। मतदान 29 सितम्बर को होगा। पंचायतों में मतदान 29 सितम्बर को सुबह 7 से अपरान्ह 3 बजे तक होगा। पंच पद के लिये मतगणना मतदान के तुरंत बाद मतदान केन्द्र पर ही होगी। डिप्टी कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन सुश्री श्वेता बम्होरे ने बताया कि जिले की कुल 60 ग्राम पंचायतों में उप निर्वाचन होगा। इनमें हरदा जनपद पंचायत की 7, खिरकिया की 19 तथा टिमरनी की 34 ग्राम पंचायतें शामिल है। इन सभी ग्राम पंचायतों में निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है जो कि निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तिथि 5 अक्टूबर तक प्रभावशील रहेगी। इस दौरान हरदा जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत खामापड़वा, नयापुरा, छिड़गांव, रिजगांव, पांचातलाई, मोहनपुर व गहाल, खिरकिया जनपद पंचायत की मोरगढ़ी, छुरीखाल, हसनपुरा, चिकलपाट, सांवरी, जामन्याखुर्द, जूनापानी मकड़ाई, मकड़ाई, पटाल्दा, जामुखो, आमाखाल, खुदिया, पीपल्या खुदिया, गोमगांव, धनकार, महेन्द्रगांव, बावड़िया नवीन, जिनवानिया व नहालीकला तथा टिमरनी जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत कपासी, गुल्लास, बोरी, कचनार, राजाबरारी, सिरकम्बा, तजपुरा, नयागांव, गाड़ामोड़कला, करताना, नौसर, पोखरनी, मनियाखेड़ी, भादूगांव, खमगांव, चंद्रखाल, गाड़ामोड़खुर्द, आलमपुर, बड़झिरी, बिच्छापुर, छिदगांवतमोली, गोंदागांवखुर्द, सोहागपुर, चारखेड़ा, टेमरूबहार, कायदा, धौलपुरकला, गोदड़ी, कुही(ग्वाड़ी), बांसपानी, बंशीपुरा, बोरपानी, पाटियाकुआ व लोधीढाना ग्राम पंचायत में उप निर्वाचन होगा।

जिले की 60 ग्राम पंचायतों में होगा निर्वाचन

स्कूल बस खाई में उतरी 6 बच्चों को आई चोट



हरदा। मंगलवार दोपहर करीब 3 बजे संस्कार स्कूल की एक बस ग्राम नांदरा के पास सड़क किनारे अनियंत्रित होकर खाई में उतर गई। बस में 25 से ज्यादा बच्चे सवार थे। हादसे में करीब 6 बच्चों को मामूली चोटें आई हैं। इनमें से 5 बच्चों को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया। हादसा उस समय हुआ, जब बस ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को उनके घर छोड़ने जा रही थी। बस का स्टेयरिंग फेल होने की बात सामने आई है। स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंचकर सभी बच्चों को बस से बाहर निकाला। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजन स्कूल पहुंचे और प्रबंधन के प्रति नाराजगी जताई।

महाविद्यालय में स्वास्थ्य जांच शिविर व प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

छात्र-छात्राओं ने सीखा फर्स्ट एड करना

हरदा। स्थानीय शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में रेडक्रास एवं उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ वेलनेस कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य जांच एवं प्राथमिक उपचार पर प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में चिकित्सा अधिकारी डॉ भावना करोड़े ने जांच करते हुए संतुलित पोषण आहार लेने के लिए कहा, शिविर में आई कई छात्राओं का बीएमआई सामान्य से कम पाया गया। उन्होंने फास्ट जंक फूड से दूरी बनाने की सलाह दी । आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ मंजू वर्मा व डॉ. पीएन छलोत्रे ने भी स्वास्थ्य परीक्षण कर विद्यार्थियों को परामर्श दिया।

राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के जिला समन्वयक आशीष साकल्ले ने महाविद्यालय में चलाए जा रहे उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ वेलनेस अभियान के उद्देश्य के बारे में बताया वही महाविद्यालय प्राचार्य राजेश गौर ने युवाओं की रेडक्रॉस, एनएसएस, रेड रिबिन के माध्यम से सकारात्मक सहभागिता से व्यक्तित्व विकास पर बात रखी। शिविर में सभी छात्र छात्राओं की ऊंचाई और वजन लेकर बीएमआई निकाला गया और शुगर, रक्तचाप की जांच नर्सिंग ऑफिसर मीरा महोबिया द्वारा की गई। जिला चिकित्सालय में पदस्थ साइकोलॉजिस्ट गीतांजलि परमार एवं उमंग काउंसलर पारुल काशिव ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्राथमिक चिकित्सा के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। चोट लगने, हार्ट अटैक, सांप काटने, हड्डी टूटने, रक्त स्राव होने, बेहोश होने आदि स्थितियों के बारे में बताया गया ।



कार्यशाला के द्वितीय सत्र में प्रश्न पूछे गए, सभी सवाल फर्स्ट एड से संबंधित रहे। इस दौरान सही जवाब देने वाले बीस छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। छात्राओं ने ज्यादा जवाब देते हुए 14 प्राइज जीते। प्रश्नोत्तरी गतिविधि दीपक गौर, अजय मंडलेकर और गणेश सराठे द्वारा करवाई गई। इस दौरान महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी श्री वी. के. बिछोतिया, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आशा गायकवाड़, राहुल सराठे सहित एनएसएस स्वयंसेवक अंकिता गायकवाड़, पलक चौहान सहित अन्य विद्यार्थी व महाविद्यालयीन स्टाफ उपस्थित रहे। इस दौरान स्वास्थ्य शिविर में 105 स्वास्थ्य परीक्षण किए गए।

पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह के खरगोन आगमन पर स्वागत

खरगोन। कांग्रेस कार्यालय में मध्यप्रदेश विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता अजय सिंह (राहुल भैया) के खरगोन आगमन पर स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर संगठनात्मक विषयों एवं क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा हुई।इस अवसर पर प्रदेश काँग्रेस कमिटी के उपाध्यक्ष रवि जोशी पूर्व विधायिका करुणा दागी जिला कांग्रेस अध्यक्ष रवि नाईक सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे। पूर्व विधायक रवि जोशी ने कहा राहुल भैया का मार्गदर्शन एवं कार्यकर्ताओं के प्रति उनका स्नेह हम सभी के लिए प्रेरणादायी है।



पीजी कॉलेज में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, 100 विद्यार्थियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन





महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग में उमंग हेल्थ एवं वेलनेस कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की जांच करना तथा उन्हें स्वस्थ जीवनशैली, पोषण और नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के प्रति जागरूक करना था। महाविद्यालय के उमंग कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. गगन कुमार चौधरी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा लगभग 100 विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों के हीमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर, बीएमआई एवं पोषण संबंधी स्थिति सहित विभिन्न स्वास्थ्य मानकों की जांच की गई।

स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान अधिकांश छात्राओं में एनीमिया के लक्षण पाए गए। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा छात्राओं को एनीमिया से बचाव, संतुलित एवं पौष्टिक आहार तथा स्वास्थ्य के प्रति आवश्यक सावधानियों के संबंध में परामर्श एवं मार्गदर्शन प्रदान किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण दल में डॉ. विनोद पंवार (नोडल अधिकारी), डॉ. भूपेश पाटीदार, डॉ. किरन डोडवे, अक्षित पंवार, आरती हिरवे, श्वेता मंडलोई एवं काजल अमोदे उपस्थित रहे। महाविद्यालय की ओर से डॉ. वंदना बर्वे, डॉ. ललिता बर्गे, डॉ. सुरेश अवासे एवं डॉ. रंजीता पाटीदार सहित अन्य प्राध्यापकों ने भी स्वास्थ्य परीक्षण में सहभागिता की। प्राचार्य डॉ जीएस चौहान ने बताया कि शिविर के माध्यम से विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने, संतुलित आहार लेने, नियमित व्यायाम करने तथा समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराने का संदेश दिया गया। शिविर के सफल आयोजन में महाविद्यालय प्रशासन, शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग की टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

खिरकिया रेलवे ओवरब्रिज के एलाइनमेंट एरिया को आईआईटी बॉम्बे की हरी झंडी

अच्छी खबर: निर्माण में आ रहा गतिरोध दूर, हेड ऑफिस की स्वीकृति के बाद जल्द शुरू होगा ग्राउंड लेवल पर काम



हरिभूमि न्यूज ⏭ खिरकिया

शहर के बहुप्रतीक्षित रेलवे ओवरब्रिज निर्माण को लेकर बड़ी राहत की खबर सामने आई है। रेलवे ओवरब्रिज के बाड़ी मैदान वाले एलाइनमेंट एरिया को आईआईटी बॉम्बे की निरीक्षण रिपोर्ट में उपयुक्त पाया गया है। इसके साथ ही लंबे समय से निर्माण को लेकर बना गतिरोध दूर होने की उम्मीद बढ़ गई है। आईआईटी बॉम्बे के अधिकारियों द्वारा बीते दिनों एलाइनमेंट एरिया का निरीक्षण किया गया था। विभाग को प्राप्त रिपोर्ट में बाड़ी मैदान वाला एलाइनमेंट एरिया निर्माण के लिए ठीक पाया गया है। अब हेड ऑफिस से स्वीकृति प्राप्त होने के बाद जल्द ही ग्राउंड लेवल पर निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। गौरतलब है कि खिरकिया शहर में करीब 56 करोड़ रुपए की लागत से रेलवे ओवरब्रिज स्वीकृत है। इसके निर्माण से शहरवासियों के साथ-साथ आसपास के हजारों ग्रामीणों को रेलवे गेट के बार-बार बंद होने से होने वाली परेशानी से निजात मिलने की उम्मीद है। ओवरब्रिज बनने के बाद आवागमन अधिक सुगम होगा और रेलवे क्रॉसिंग पर लगने वाले जाम से भी राहत मिलेगी।

बाजार को डिस्मेंटल करने की तैयारी

जानकारी के अनुसार, खिरकिया का मंगलवार बाजार, जो वर्तमान में भी अधूरा है, उसे डिस्मेंटल करने को लेकर जल्द ही हरदा कलेक्टर एवं ब्रिज कॉरपोरेशन के अधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित होगी। अधूरे बाजार के क्षेत्र में ओवरब्रिज का एलाइनमेंट आ रहा है। इसके अलावा बाजार के आसपास भी ओवरब्रिज के एक हिस्से का निर्माण प्रस्तावित है। वहीं, ब्रिज निर्माण को लेकर प्राप्त आपत्तियों के निराकरण का कार्य भी लगभग पूरा होने की जानकारी सामने आई है। अब सामाजिक समाघात रिपोर्ट के प्रकाशन की प्रक्रिया शेष है। इसके बाद ब्रिज निर्माण से संबंधित धारा 6 लागू होने की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी।

इनका कहना है...

ब्रिज के एलाइनमेंट एरिया को लेकर बीते दिनों आईआईटी बॉम्बे के अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया था। संबंधित विभाग से प्राप्त रिपोर्ट में बाड़ी मैदान वाला एलाइनमेंट एरिया ठीक पाया गया है। इसी एलाइनमेंट के अनुसार निर्माण कार्य शुरू होगा। जल्द ही हेड ऑफिस से स्वीकृति लेकर निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाएगा।

गिरीश हिंगवे, एसडीओ, ब्रिज कॉरपोरेशन

भुजरिया पर्व पर बही भक्ति की बयार विधायक ने अखाड़े में किया शौर्य प्रदर्शन



खरगोन। शहर में भादौ पड़वा पर भुजरिया पर्व भक्ति-भाव से मनाया गया। शहर के तालाब चौक, टवड़ी मोहल्ला, पहाड़सिंगपुरा, मोतीपुरा क्षेत्र में परंपरागत भुजरिया पर्व का उल्लास छाया रहा। यहां 9 दिन जवारे रुपी भुजरिया माता की सेवा के बाद उत्सवी माहौल में विसर्जन चल समारोह निकाला गया। इस धार्मिक आयोजन के चलते समूचे क्षेत्र में भक्ति की बयार बही।

विसर्जन समारोह में विधायक बालकृष्ण पाटीदार भी शामिल हुए। उन्होंने भुजरिया माता के दर्शन- पूजन किए, इसके बाद चल समारोह में शामिल हुए। ढोल-तांसो, बैंड. बाजों के साथ निकले चल समारोह में जहां युवाओं झुमते, नाचते नजर आए। उल्लेखनीय है कि पाल, रघुवंशी, सोनी, दांगी, यादव, प्रजापति लश्करी एवं धोबी समाजजन 9 दिन तक जवारे रुपी माता की बुआई कर आराधना करते हैं, इसके बाद भादौ पड़वा पर उत्सव के रुप में माता को विदाई दी जाती है। चल समारोह में अखाड़ा कलाकारों ने शौर्य प्रदर्शन कर सभी को चकित कर दिया। युवाओं के प्रदर्शन को देख विधायक पाटीदार भी अपने आप को रोक नहीं सके। उन्होंने बनॉट चलाकर उपस्थित लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया। विधायक ने मंझे हुए कलाकार की भांति भारी भीड़ के बीच संयम के साथ तेज रफ्तार में बनॉट चलाई। उपस्थित श्रद्धालुओं ने तालियां बजाकर विधायक का अभिवादन किया। इस दौरान विधायक ने सभी समाजजनों को भुजरिया पर्व की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा यह पर्व श्रद्धा, विश्वास व आस्था का प्रतीक है। जवारे रुपी माता को विदाई देने का दौर शाम 6 बजे शुरु हुआ जो देर शाम तक अनवरत जारी रहा। इस दौरान कुंदा तट माता के जयकारो से गुंजायमान रहा।